हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 16 मई 2026



तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

11 ट्रेन में यात्री का मोबाइल चुराया, उसके बाद खाते से उड़ाए 1.04 लाख रुपये



12 नेशनल हाइवे पर ट्रकों का जमावड़ा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने गत वर्ष जनवरी माह में हुई लूट और फायरिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद पुलिस ने गत वर्ष 15 जनवरी को कई आरोपियों के खिलाफ लूट व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब एक आरोपी दिल्ली के पालम निवासी दिल्ली के पालम निवासी आनंद को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक काबू

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 15 मार्च को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के कोटकासिम निवासी अमरचंद को गिरफ्तार कर लिया। वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 17 जून को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रोहतक निवासी आनंद को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के मामले का आरोपी भेजा जेल

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद पीड़ित की शिकायत के आधार पर गत 3 अप्रैल को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने चोरी के मामले की जांच करते हुए राजस्थान के साथला निवासी मानू सिंह को गिरफ्तार किया है।

### तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से

**रेवाड़ी।** जिले में 12वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाना है। योग दिवस के सफल आयोजन के लिए एसडीएम रेवाड़ी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डा. बसंत ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से आयोजन के लिए 18 मई से 20 मई 2026 तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें जिले के योग विशेषज्ञ, आयुष योग सहायक, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों की ओर से जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीई को प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मनरेगा मजदूरों का देशव्यापी हड़ताल को लेकर प्रदर्शन

**बाढ़ड़ा।** देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर शुक्रवार को मनरेगा मेट एवं मजदूरों ने ब्लॉक के गांव कारी, धारणी, नांधा, बेरला और जीतपुरा में धरना-प्रदर्शन करते हुए सरपंचों के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने महान क्रांतिकारी शहीद सुखदेव सिंह के जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मनरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह, ब्लॉक प्रधान भूपसिंह नाधा और रोशनलाल सहित अन्य मजदूर नेताओं ने केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया।

*शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक के पास दुर्गंध फैलाता रहा ट्रैक्टर, ब्रास मार्केट के तिकोना पार्क में जमा कचरे में लगाई आग*

# एनजीटी के नियमों की नहीं परवाह, शहर से बिना कवर किए गंदगी लेकर गुजर रहे वाहन, सरेआम जलाया जा रहा कचरा

कें हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से शहर में कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाली एजेंसी की ओर से गाड़ियों में कचरे को बिना ढके डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि लोगों के स्वास्थ्य व नियमों के आधार पर कचरे को ग्रीन कपड़े से कवर करना जरूरी है। एजेंसी की ओर से डंपरों व ट्रैक्टरों में बिना ढके कचरे को बाजार से लोगों के बीच से ले जाया जा रहा है, जिससे हवा के साथ फैलती दुर्गंध से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वाहनों को कवर नहीं करने के कारण काफी कचरा सड़क पर भी फैल रहा है। शुक्रवार सुबह कचरे से भरा बिना कवर किया गया ट्रैक्टर करीब चार घंटे महाराणा प्रताप चौक पर खड़ा होकर दुर्गंध फैलाता रहा। वहीं शहर में एनजीटी के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ रही है। शहर के मिनी बाइपास, कोनसीवास रोड व सेक्टर-4 बाइपास सहित अनेक स्थानों पर सड़क किनारे कचरा व मलबा डाला जा रहा है। बाइपास की ग्रीन बेल्ट कचरे से सरोबार हो चुकी है। शहर में कचरा जलाने की भी समस्या आम हो गई है। शुक्रवार को दोपहर के समय ब्रास मार्केट स्थित तिकोना पार्क में कचरे में आग लगा दी गई, जिससे चारों और धुआं फैल गया। सफाई व्यवस्था सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। शहर में डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन का पांच साल के लिए 23.5 करोड़ का टेंडर होने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। नगर परिषद की ओर से इस ओर कोई ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है

**सफाई व्यवस्था सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही**



रेवाड़ी। मिनी बाइपास पर कृष्णा नगर के पास डाला गया कचरा व मलबा व ब्रास मार्केट के तिकोना पार्क में जलता कचरा।



रेवाड़ी। शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक पर खड़ा बिना ढका कचरे का ट्रैक्ट।

### एनजीटी के नियमों की उड़ रही धज्जियां

*शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अवशेष के निस्तारण को लेकर बनाए गए नियमों के बावजूद खुले में कचरा और मलबा डालने का सिलसिला लगातार जारी है। शहर के कृष्णा नगर क्षेत्र के पास सड़क किनारे बड़ी मात्रा में घरेलू कचरा, प्लास्टिक, कपड़े और निर्माण का मलबा डाला जा रहा है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने कचरा निस्तारण और अवैध डंपिंग की समस्या को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानि एनजीटी में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान एनजीटी ने वर्ष 2024 मे हरियाणा सहित पूरे प्रदेश में ठोस कचरा और निर्माण मलबे के उचित निस्तारण के लिए नियम लागू करने, निगरानी बढ़ाने तथा उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे हैं।*

### हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व जिला उपायुक्त को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे फैली गंदगी से दुर्गंध और मलबे से धूल उड़ रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। खुले में पड़ा निर्माण मलबा दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है। लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभागों की ओर से नियमित निगरानी नहीं की जा रही है, जिसके कारण शहर में जगह-जगह अवैध रूप से कचरा और मलबा डाला जा रहा है। कृष्णा नगर से कोनसीवास रोड की ओर जाने वाली मिनी बाइपास सड़क के साथ डाले जा रहे कचरे और निर्माण मलबे को लेकर प्रकाश यादव ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा जिला उपायुक्त को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। प्रकाश यादव ने कहा कि एनजीटी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यदि नियमों का पालन नहीं हो रहा है तो यह प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने नगर परिषद और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे पड़े कचरे और निर्माण के मलबे को हटाने, जिम्मेदार लोगों पर जुर्माना लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त निगरानी की मांग की है।

# नेशनल हाईवे पर कैंटर से टकराई स्कूल बस

## बाल-बाल बचे राठ स्कूल के 20 विद्यार्थी

- कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल, दूसरी बस से भेजे गए स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह बहरोड़ से गुरूग्राम बच्चों को भ्रमण कराने ले जा रही एक प्राइवेट स्कूल की बस साबी नदी पुल के पास कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार 20 विद्यार्थी बाल-बाल बच गए। चालक को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद हादसे की जांच शुरू कर दी।

राजस्थान के बहरोड़ स्थित एक प्राइवेट स्कूल की एक बस 20 विद्यार्थियों को भ्रमण कराने के लिए गुरूग्राम के लिए सुबह के समय निकली थी। जब बस साबी नदी पुल पर पहुंची तो आगे चल रही बंद बॉडी की कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इसके बाद कैंटर असंतुलित होकर पलट गई।

बस हाईवे के डिवाइडर पर चढ़ गई। बस में बैठे स्कूली बच्चों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग बचाव के लिए मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंच गई। कैंटर चालक को बाहर निकाला गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। सूचना मिलने के बाद कई बच्चों के अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए। स्कूली बच्चों को तुरंत दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया गया। पुलिस के अनुसार सभी बच्चे सुरक्षित थे।



रेवाड़ी। घटना स्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त स्कूल बस, घटना स्थल पर पलटा हुआ कैंटर। फोटो : हरिभूमि

**हाईवे पर लगा काफी देर तक जाम**

हादसे के बाद काफी देर तक नेशनल हाईवे पर जाम लगा रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया। लंबी लाइनें लगने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बस चालक का मेडिकल परीक्षण भी कराया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने शराब का सेवन तो नहीं किया हुआ था।

### कंपनी सुपरवाइजर ने फांसी लगाकर जान दी

**धारूहेड़ा।** कस्बे की एक सोसायटी में रह रहे कंपनी के सुपरवाइजर ने वीरवार की रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। उसके बेटे ने पुलिस बयान में बताया कि उसका पिता कुछ दिनों से आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था, जिस कारण उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बिहार के राघवपुर निवासी लगभग 52 वर्षीय शंभू एक कंपनी में सुपरवाइजर लगा हुआ था। वह अपने परिवार के साथ एक सोसायटी में रह रहा था। रात को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सो गया। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो परिजनों ने कमरे में झांककर देखा। उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना मिलने के बाद धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस बयान में मृतक के बेटे ने बताया कि उसका पिता कई दिनों से आर्थिक तंगी के चलते मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी वजह से उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसएचओ कश्मीर सिंह के अनुसार मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके बेटे के बयान पर ही कार्यवाही की गई है।

### फ्लाईओवर के पास मलबे से टकराई कार, बड़ा हादसा होने से टला



रेवाड़ी। निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास मलबे में टकराई कार।

**रेवाड़ी।** डहीना के पास रेलवे लाइन पर बन रहे आरओबी के पास पड़ी मिट्टी व मलबे से एक कार टकरा गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। रेलवे फाटक के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास ही निर्माण सामग्रीख मलबा व मिट्टी डले हुए हैं। शुक्रवार तड़के एक तेज रफ्तार कार मलबे में घुस गई। इससे कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक व कार में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं, लेकिन बड़ा हादसा होने से टल गया। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार में सवार लोगों को बाहर निकाला।

# डीएलएसए सचिव ने किया आस्था कुंज बाल गृह का निरीक्षण

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलखे ने शुक्रवार को आस्था कुंज बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में 19 बच्चे उपस्थित थे। डा. सोलखे ने सभी बच्चों से बातचीत कर उनके खान-पान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा आस्था कुंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल से संबंधित उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दत्तक ग्रहण अभिकरण का भी निरीक्षण किया, जिसमें 7 बच्चे आवासित थे। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज



के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता एवं समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

# किराए पर कार बुकिंग करके लूटपाट करने के मामले में पांचवां आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत वर्ष 14 जनवरी की रात को दिल्ली से कार बुकिंग करके धारूहेड़ा में लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दिल्ली के गांव पालम निवासी आनन्द के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 15 जनवरी को यूपी के जिला बदायूं के गांव भैहटाजबी निवासी श्रीदेव ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह फिलहाल नोएड़ा में रहता है और इससे पहले वह अपनी ससुरा करावल नगर नोर्थ वेस्ट दिल्ली में रहता था। वह टैक्सी चलाने का काम करता है। 14 जनवरी 2025 की रात को दिल्ली पालम फलाईओवर से 5 अज्ञात युवक उसकी कार धारूहेड़ा के लिए किराए पर करके लाए थे। उसने रास्ते मे गुरुग्राम टोल के पास सीएनजी डलवाई थी। युवकों ने धारूहेड़ा पहुंचने पर जयपुर की ओर 3-4 किलोमीटर आगे छोड़ने के लिए कहा था। करीब साढ़े 11 बजे साहबी ओवरब्रिज पर



पहुंचने के बाद उन्होंने गाडी साइड में रुकवाकर कहा कि वही उतरने के लिए कहा। इसके बाद आरोपियों ने उससे पेटीएम करने के लिए मोबाइल ले लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। एक युवक ने उसे कट्टा दिखाया और उसकी जेब से 1200 रुपये निकाल कर व उसकी कार छीनकर जयपुर की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी यूपी के जिला रामपुर के गांव जगेसर निवासी फईम, यूपी के जिला बदायु गांव बैठा गुसाई निवासी फैजान, दिल्ली के गांव पालम नजदीक गोल चक्कर खारा कुंआ निवासी रवि पासवान उर्फ सन्टू व शिवम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी हुई कार को भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को आरोपी आनन्द को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**आज से मौसम पूरी तरह साफ होने का अनुमान, जल्द बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही**

# तापमान में गिरावट के बाद भी राहत नहीं, गर्म हवाओं ने किया परेशान

**दोपहर के समय गर्म हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धारूहेड़ा

मौसम के बार-बार रंग बदलने के सिलसिले पर जल्द विराम लगने वाला है। आसमान शनिवार से कुछ दिनों तक साफ रह सकता है, जिस कारण तापमान बढ़ने से लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा। जल्द बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है। अगले कुछ दिनों तक तापमान में लगातार वृद्धि हो सकती है। शुक्रवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ हो गया। तेज धूप निकलने के बाद मौसम का मिजाज गर्म हो गया। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 41.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 0.2 डिग्री की कमी के साथ 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 21 प्रतिशत रहा, जबकि 12 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। गत वर्ष की तुलना में दिन का तापमान कम बना हुआ है। गत वर्ष 15 मई को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोपहर के समय गर्म हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया। बाजार और सड़कों से भीड़ गायब हो गई। लोग बिना जरूरी कार्य के अपने घरों से बाहर नहीं निकले। शाम तक गर्म हवाएं जमकर परेशान करती रहीं। देर शाम आंशिक बादल छाने व तेज हवाएं चलने से गर्मी का असर कुछ कम हो गया। इस समय कूलर, एसी और पंखों का उपयोग फिर से बढ़ना शुरू हो गया है, जिससे बिजली की खपत भी बढ़कर 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई है।



रेवाड़ी। धूप में दूपट्टे का सहारा.... महाराणा प्रताप चौक से गुजरती युवतियां।

**अब हीट वेव का प्रकोप भी शुरू होगा**

मौसम विभाग के अनुसार 16 मई से आसमान कुछ दिनों तक साफ रह सकता है। तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जाएगी, जिससे हीट वेव लोगों को जमकर परेशान करेगी। लू के थपेड़ों का माह के अंत तक सामना करना पड़ सकता है। अधितम तापमान जल्द ही 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिलेगा। अभी जल्द बरसात की संभावना नहीं होने से लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा।

### नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी का आयोजन 17 मई को पंजाबी धर्मशाला पर किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष वन्दना पोपली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और नवनिर्वाचित नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल विशिष्ट अतिथि रहेंगी। संस्था की ओर से नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव, एडवोकेट नरेन्द्र पीपल, सैनी सभा के पूर्व उपप्रधान हरी सिंह सैनी व स्वर्णकार बिरादरी के पीओएसडी कुलदीप सोनी का अभिनन्दन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया विरोध

**नांगल चौधरी।** तमिलनाडू के सीएम की ओर से सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी पर हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत ने विरोध जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विवादित बयान को वापस लेने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा हिंदू महासभा की ओर से विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में मानवसेवा व परोपकार भावना का समावेश है। जिससे सभी धर्मों को सात्विक विचारधारा का संदेश मिलता है और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। बावजूद तमिलनाडू के सीएम ने सनातन धर्म पर घटिया टिप्पणी करके हिंदुओं का मजाक उड़ाया है।

### मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने से बाइक चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर के एक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बोचारिया निवासी शिकायतकर्ता दीपक यादव ने दी शिकायत में बताया कि 15 मई को दोपहर लगभग 3:40 बजे उन्होंने अपनी बाइक को अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वे वापस लौटे, तो वाहन वहां से गायब था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में मूलोदी के होमगार्ड की मौत

**नारनौल।** सड़क हादसे में मूलोदी के होमगार्ड की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। बीती रात करीब एक बजे एसपीओ भीम सिंह और होमगार्ड जवान अमित कुमार सरकारी पीसीआर गाड़ी में बाईपास 148 बी पर भूषण खुर्द क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर तूड़ा (पशुचारा) से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी मिली। दोनों पुलिसकर्मी ट्रैक्टर चालक से बातचीत कर उसे सड़क से साइड करवाने लगे। तभी गांव सुराना की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे टक्कर मार दी।

### हड़ताल खत्म, काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

**महेंद्रगढ़।** शहर में पिछले 14 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए और पूरे शहर में सफाई अभियान शुरू किया गया। कर्मचारियों के काम पर लौटते ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर आती दिखाई दीं। शहर के मुख्य बाजारों, सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरे को हटाने का कार्य तेजी से शुरू किया गया।

### पुलिस ने चिट्टा बेचते एक आरोपित को पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सब्जी मंडी के पास से एक युवक को हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली कि महेंद्रगढ़ निवासी धर्मेंद्र अपनी दुकान के पीछे नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेड की योजना बनाई। पुलिस पार्टी को देखकर आरोपित ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद कर्मचारियों ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

### पीएमश्री गर्ल्स स्कूल की चित्रा को मिले 486 अंक

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी की छात्राओं का प्रदर्शन सहरानीय रहा। प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। बताया कि छात्रा चित्रा जोशी ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साक्षी कुमारी ने 452, ज्योति ने 449, प्रियंका ने 439, करिश्मा ने 434 तथा पूजा ने 428 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया।

---

## जीआरपी ने चोरी व ठगी के आरोपी को किया काबू

# ट्रेन में यात्री का मोबाइल चुरा कर खाते से उड़ाए 1.04 लाख

**17 दिसंबर को दर्ज की गई थी जीरो एफआईआर, कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

ट्रेन में रेल यात्री का मोबाइल फोन चोरी करने के बाद सिमकार्ड अपने फोन में डालकर बैंक खाते से 1.04 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जीआरपी को जीरो एफआईआर मिली थी, जिसके आधार पर गत वर्ष 17 दिसंबर को केस दर्ज किया गया था। शिकायत में बिहार के नालंदा जिले के यशवंतपुर निवासी पप्पू पासवान ने बताया था कि वह खाटूश्याम जाने के लिए रिंगस जाने वाली ट्रेन में रेवाड़ी जंक्शन से सवार हुआ था। किसी ने भीड़ में उसका की-पैड वाला मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इसके बाद सिमकार्ड एंड्रोयड फोन में डालकर उसके बेटे के पास फोन किया। उसके बेटे को बताया कि तुम्हारा पिता बीमार हो गया। उसने बेटे से अपने खाते में 500 रुपये ट्रांसफर करा लिए। आरोपी ने बाद में उसके बैंक खाते से 1.04 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जीआरपी ने जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। जीआरपी की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### भिवाड़ी से काबू किया आरोपी


जीआरपी ने जांच के दौरान पाया कि ठगी रकम बल्लभगढ़ के प्रहलादपुर माजरा निवासी लक्की ठाकुर के खाते में ट्रांसफर हुई थी। पूछताछ करने पर पता चला कि वह भिवाड़ी में किराए का कमरा लेकर रह रहा है। जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान 69 हजार रुपये रिकवर किए गए हैं। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

---

# चंडीगढ़ विवि शिक्षा के साथ दे रही छात्रवृत्ति और रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सब्जेक्ट रैंकिंग 2026 में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रणाली, इलेक्ट्रिकल-इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल-एरोनॉटिकल एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख विषयों में दुनिया की शीर्ष 300 यूनिवर्सिटीज में स्थान बनाने में सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रोफेसर डा. आरएस बावा ने बताया कि गत वर्ष यह यूनिवर्सिटी केवल 5 विषयों में रैंकिंग में शामिल थी, वहीं इस बार 11 विषयों में स्थान बनाकर यूनिवर्सिटी दुनिया की शीर्ष एक प्रतिशत यूनिवर्सिटियों में शामिल हो गई है। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर साइंस, रसायन विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन, गणित, भौतिक विज्ञान, जैविक विज्ञान और अर्थशास्त्र सहित कई विषयों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।




रेवाड़ी। रेवाड़ी के विद्यार्थियों के साथ प्रोफेसर बावा। फोटो : हरिभूमि

### दी जाती है 250 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति

उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूनिवर्सिटी सीयूसीईटी के माध्यम से 250 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। इसमें 200 करोड़ रुपए मोहाली तथा 50 करोड़ रुपए लखनऊ विवि के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी योग्यता के आधार पर शत प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हरियाणा के 9678 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में भी यूनिवर्सिटी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। गत वर्ष 1300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को 10 हजार से अधिक नौकरी प्रस्ताव दिए। प्रोफेसर बावा ने बताया कि पिछले दो वर्षों में हरियाणा के 2034 से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है। इनमें रेवाड़ी के 49 विद्यार्थियों ने भी बहुराष्ट्रीय और भारतीय कंपनियों से आकर्षक नौकरी प्रस्ताव मिले हैं। रेवाड़ी के तुषार सचदेवा को 8.5 लाख रुपए, आरजू को 8 लाख रुपए, तन्मय गर्ग को 7.64 लाख रुपए तथा नैना को 6 लाख रुपए वार्षिक वेतन के प्रस्ताव मिले हैं।

---

## यशिका, दीपांशु व हिमांशी ने स्कूल का नाम किया रोशन

**कोसली।** सरस्वती स्कूल गुड़ियानी के विद्यार्थियों का कक्षा 10वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा यशिका ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, दीपांशु ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, हिमांशी ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय और अनुष्का व सरगम ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, जबकि 19 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय निदेशक एवं स्टाफ सदस्यों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। चेयरपर्सन मंजू बाला ने कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। प्रधानाचार्य डीवी शर्मा व शैक्षणिक प्रमुख एडवोकेट कपिल शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया।




---

# राजकीय पाठशाला में विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ा आलमपुर में शुक्रवार को विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। विद्यालय के मुखिया राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए योग प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने की अपील की। जिला प्रभारी आर्य ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम कराते हुए बताया कि योग तनावमुक्त जीवन, एकाग्रता एवं शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है।



रेवाड़ी। स्कूल में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

# घर के संसाधन से खेती का जोखिम होता है कम

■ मोहम्मदपुर में किसान प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत गांव मोहम्मदपुर में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 किसानों ने रसायनों को त्यागने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उपनिदेशक डा. जितेंद्र अहलावत ने की। उन्होंने किसानों को लागत मुक्त खेती का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जब किसान बाजार से खाद-जहर खरीदना बंद कर अपने घर के संसाधनों का उपयोग करता है, तो उसकी खेती का जोखिम कम हो जाता है और लाभ की गारंटी बढ़ जाती है। कृषि विज्ञान केंद्र से कीट वैज्ञानिक डा. बलबीर सिंह ने बताया कि कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने न केवल हानिकारक कीटों को मारा है, बल्कि किसान के मित्र शिकारी कीटों को भी खत्म कर दिया है, जो पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम खेतों में जहर डालना बंद कर देते हैं, तो हम लेडीबग, मकड़ियों और लेसविंग्स को वापस आने का मौका देते हैं।

प्राकृतिक खेती फसल की उपेक्षा करना नहीं है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र का प्रबंधन करना है ताकि कीट कभी आर्थिक नुकसान की सीमा तक न पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि ट्रैप क्रॉपिंग ( कीटों को दूर करने के लिए किनारे पर विशिष्ट पौधे लगाना) से शत्रु कीटों का नियंत्रण संभव है। मिट्टी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाए बिना कीटों को भगाने के लिए नीम और दशपर्णी अर्क का उपयोग भी लाभदायक है।




रेवाड़ी। किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---



रेवाड़ी। आस्था कुंज का निरीक्षण करते हुए सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

## डीएलएसए सचिव डा. रेनू ने किया आस्था कुंज बाल गृह का निरीक्षण

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलखे ने शुक्रवार को आस्था कुंज बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में 19 बच्चे उपस्थित थे। डा. सोलखे ने सभी बच्चों से बातचीत कर उनके खान-पान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा आस्था कुंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल से संबंधित उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दत्तक ग्रहण अभिकरण का भी निरीक्षण किया, जिसमें 7 बच्चे आवासित थे। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता एवं समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

---

# अटेली को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

अटेली को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर गांव गणियार, बजाड़, चंदपुरा व सुजापुर के ग्रामीणों ने परस में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि राज्य सरकार विकास, नौकरियों तथा नहरी पानी के वितरण में अटेली क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। भाजपा सरकार ने डेढ़ दर्जन से भी अधिक उपमंडल बनाए हैं, लेकिन अटेली तहसील, जो उपमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करती है। उसको नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अटेली के कमजोर नेतृत्व के कारण इलाका पिछड़ता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, दवाइयों तथा मूलभूत संरचना की कमी है। सरकारी स्कूलों में अध्यापक व स्टॉफ की कमी के कारण शिक्षा का बुरा हाल है। विधायक एवं मंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बनाने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है।



नारनौल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

---

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी को मिली अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा

**रेवाड़ी।** जिले को वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी भारतीय रेडक्रॉस हरियाणा राज्य शाखा के सहयोग से नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रास संस्था हमेशा से मानवता की सेवा के लिए समर्पित रही है और नई एम्बुलेंस के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में दीपक मंगला सदस्य हरियाणा राज्य शाखा सीएसआर कमेटी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि रेडक्रास की ओर से किए जा रहे सामाजिक एवं मानवीय कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने अंकुश मिगलानी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। एंबुलेंस को रवाना करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

---

## मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दिवस

# प्रशिक्षुओं ने विज्ञान से जुड़े मॉडल्स व पोस्टरों का किया प्रदर्शन

**भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के जरिए दिखाई प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट हेड नेरोलक कंपनी रामपाल यादव ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में निरंतर सीखने, नवाचार करने तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार, मॉडल और रचनात्मक कला प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने मॉडलों और पोस्टरों में आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल भारत, हरित ऊर्जा तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों को प्रदर्शित किया। भाषण प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, लोकेश ने द्वितीय तथा रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में हेमंत प्रथम, कपिल द्वितीय तथा तरुणी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में टर्नर ट्रेड ने प्रथम स्थान तथा वायरमैन ट्रेड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के सुपरिंटेंडेंट कुमेर सिंह, वर्ग अनुदेशक पवन कुमार, विनोद कुमार, प्रदीप यादव व विनीता यादव सहित अनुदेशक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। आईटीआई में मॉडलों का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

---

### 16 स्कूलों के 140 छात्रों ने दिखाया हुनर

**नांगल चौधरी।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में ब्लॉक स्तरीय डांस व रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 16 स्कूलों के 140 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्राचार्या कैलाश यादव ने सम्मानित किया।

**सूचना**

मैं, संतोष देवी पत्नी स्व. श्री अमर सिंह निवासी गली नं. 6, नजदीक सनग्लो स्कूल, रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन कुमार व पुत्रवधु कंचन मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**गुमशुदा की तलाश**



**रविन्द्र** पुत्र श्री जीतराम निवासी ग्राम प्राणपुरा, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी, जोकि शादीशुदा है। मेरा पुत्र रविन्द्र मुझे व मेरे परिवार को मथुरा जाने के लिए बोल कर दिनांक 07.05.2026 को गया था। परन्तु दिनांक 07.05.2026 से अभी तक घर पर नहीं आया हैं और मैंने अपने पुत्र रविन्द्र की अपने स्तर पर अपने सभी रिश्तेदारी में भी तलाश कर ली है। लेकिन मेरे पुत्र रविन्द्र का अभी तक कोई भी अता-पता नहीं है।

**किसी भी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो मोबाइल नं. 8684881323 पर सूचित करे।**

### टोल प्लाजा के पास खड़े होते हैं बड़ी संख्या में ट्रक व डंपर

# नेशनल हाईवे पर ट्रकों का जमावड़ा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**दो राज्यों की सीमा होने के कारण इन वाहनों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। टोल प्लाजा के पास खड़े ओवरलोड वाहन — फोटो : हरिभूमि

जैसलमेर नेशनल हाईवे पर काठूवास टोल प्लाजा के पास बड़ी संख्या में ट्रक और डंपर खड़े होते हैं। इससे नेशनल हाईवे पर हादसों की आशंका बनी रहती है। दो राज्यों की सीमा होने के कारण इन वाहनों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। एडीजीपी ट्रैफिक एंड हाईवे हरदीप सिंह दून ने बीते दिनों ही ओदश जारी किए थे कि सड़कों के किनारे खड़े होने वाले ट्रकों व अन्य वाहनों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। इन आदेशों का कुंड के पास बने ठिकाने पर खड़े वाहनों पर कोई असर नहीं हो रहा है। बड़ी संख्या में वाहन टोल प्लाजा के पास खड़े होते हैं, जिससे इस स्थान पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। राजस्थान के क्रैशर जोन से बड़ी संख्या में ट्रक व डंपर खनन सामग्री लेकर चलते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन होते हैं। आरटीए की चेकिंग के डर से रास्ता क्लियर होने तक यह वाहन हरियाणा और राजस्थान बॉर्डर पर ही रोक दिए जाते हैं। टोल प्लाजा बॉर्डर पर ही बना हुआ है। जब तक रोड क्लियर होने की सूचना नहीं मिलती, तब तक ओवरलोड वाहनों को वहीं खड़ा रखा जाता है। इससे तेज रफ्तार निकलने वाले वाहनों के डंपरों और ट्रकों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। पूर्व में कई बार हादसे भी हो चुके हैं।

**राजस्थान के एरिया में सुरक्षित**

यह स्थान राजस्थान की सीमा में होने के कारण हाइवे पर खड़े होने वाले वाहनों पर एक्शन लेने का अधिकार राजस्थान आरटीओ और वहां की पुलिस के हाथों में है। जिला पुलिस चाहते हुए भी कार्रवाई नहीं कर सकती। आरटीए की टीम को राजस्थान की सीमा में कार्रवाई का अधिकार नहीं है। ट्रकों और ओवरलोड डंपरों का जमावड़ा इस हाइवे पर खतरनाक बना हुआ है।



रेवाड़ी। जेपीएस में चुने गए सदनों के छात्र पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जेपीएस में सदनों के कप्तान चयन की प्रक्रिया पूरी, आगामी सप्ताह में लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से छात्र परिषद् के चयन का पहला चरण पूरा किया गया। विभिन्न सदनों के कप्तान के लिए आवेदन पत्र भरने वाले विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, वहीं छात्र परिषद प्रमुख के लिए मतदान भी कराया गया। विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपरा से अवगत कराते हुए साक्षात्कार, प्रचार, मतदान व मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह अगले सप्ताह किया जाएगा। विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि परिषद के प्रमुख पांच पदों के लिए सभी सदन प्रभारियों के साथ-साथ इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर से आए प्रतिनिधि प्रो. अदिति शर्मा एवं प्रो. सुशांत ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। हैड ब्वाय एवं हैड गर्ल के चयन के लिए विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक तरीके से नामांकन पत्र भरने, साक्षात्कार देने, प्रचार के दौरान अपना विचार रखने तथा मतदान की प्रक्रिया में पूरे उत्साह से भाग लिया।

आदिनाथ सदन, अजितनाथ सदन, पार्श्वनाथ सदन तथा महावीर सदन के लिए अलग-अलग कप्तान व उपकप्तान चुने गए हैं। चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण पूरा होने पर प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उप प्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, शासकीय निकाय सदस्य विजय जैन, निपुण जैन, प्रद्युम्न जैन, रविंद्र जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने लोकतांत्रिक चयन प्रक्रिया में शामिल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

**60 प्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया पूरी**

छात्र परिषद के लिए हैड ब्वाय, हैड गर्ल, वाइस हैड ब्वाय, वाइस हैड गर्ल तथा महासचिव के अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों के लिए 12 सचिव तथा चार हाउस कैप्टन समेत 60 प्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। छात्र परिषद में दो-दो सांस्कृतिक सचिव, साहित्यिक सचिव, अनुशासन सचिव, खेल सचिव, सूचना एवं प्रोद्योगिकी सचिव तथा आयोजन सचिव का चयन किया गया।

## हॉकर का बेटा बना टॉपर, परिवार को गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मूंदी



गांव देहलावास गुलाबपुरा निवासी हॉकर के बेटे ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर 10वी कक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से संबंध रखने वाले वीआईपी स्कूल के छात्र हिमेश ने शानदार अंक हासिल कर सफलता की नई मिसाल पेश की है। छात्र के पिता सुरेश कुमार रोजाना सुबह घर-घर जाकर अखबार बांटते हैं, जबकि मां माया देवी ग्रहणी है। छात्र ने रोजाना कई घंटे मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की और स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र की इस उपलब्धि से स्कूल व परिवार में खुशी का माहौल है।

शिक्षकों ने छात्र की मेहनत और अनुशासन की सहारना करते हुए कहा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता, दादा दादी और अपने चाचा को दिया है। हिमेश का सपना आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का है। गांव के लोगों ने इस उपलब्धि पर छात्र व परिवार को बधाई दी।

## रुद्र दसवीं व श्रुति बनी बारहवीं की स्कूल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मरेवाड़ी



भारती विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल किशनगढ़ के विद्यार्थियों ने एचबीएसई 10वीं और 12वीं के परिणाम में सफलता हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा के छात्र रुद्र ने 494 अंक लेकर स्कूल प्रथम स्थान प्राप्त किया। महक ने 487 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मुस्कान ने 482 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 39 छात्रों में से 30 छात्रों ने मेरिट और 9 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में श्रुति ने 428 अंक लेकर प्रथम, इशिका ने 427 अंक लेकर द्वितीय और नैन्सी ने 424 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समाजसेवी धनीराम मेहरा, जिला पार्षद सरोज मेहरा, गांव की सरपंच कुसुमलता, किसान यूनियन प्रधान समय सिंह व किशनगढ़ बालावास जमापुर के सभी पूर्व सरपंचों ने बच्चों को सम्मानित किया। विद्यालय संचालक हंसराज यादव ने परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त की तथा अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।



### गवर्नमेंट स्कूल सीहा के 20 विद्यार्थियों ने दसवीं में मेरिट लाकर बनाया दबदबा

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा ने 12वीं के बाद दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपना दबदबा कायम रखा है। विद्यालय के शत प्रतिशत परिणाम में 20 बच्चों ने मेधा सूची में नाम दर्ज कराया है। विद्यालय की छात्रा पूनम 470, दीपिका 467 तथा अक्षरा 465 अंक लेकर विद्यालय की टॉपर रहीं हैं। इनके अलावा जेसिका, वर्षा, बबीता, पंकज, साक्षी, कोमल, महक, दीपांशु, सुमन, मुस्कान, रजनी, प्रीति, नेहा, मीनाक्षी, ज्योति, प्रशांत तथा अनुज ने मेरिट हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों शिक्षकों तथा अभिभावकों की टीम वर्क का प्रतिफल बताया है। उन्होंने कहा कि आगामी 20 मई को प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित कर सभी मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### उत्कृष्ट रहा पीएम श्री राजकीय स्कूल खोरी का दसवीं व बारहवीं का परिणाम

कुंड। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। दसवीं कक्षा में 42 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में स्थान प्राप्त किया व 24 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। छात्रा खुशबू ने 476 अंक लेकर प्रथम, अनन्या ने 474 अंक लेकर दूसरा और तन्नु ने 465 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही बारहवीं में 144 विद्यार्थियों में से 59 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में स्थान प्राप्त किया। छात्र समीर 470 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, रेखा 469 अंक लेकर द्वितीय व नेहा 466 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश ने उत्कृष्ट परिणाम आने पर सभी अध्यापकों तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।





### सीबीएसई बारहवीं में सफल रहे विद्यार्थी हुए सम्मानित

रेवाड़ी। सरवन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। कॉमर्स स्ट्रीम से वंशिका कौशिक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अनुशासन, निरंतर परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

**न्यूज डायरी**



### नांधा की तन्वी ने एचबीएसई बारहवीं में पाई मेरिट

रेवाड़ी। खोल खंड के गांव नांधा निवासी व जीवन ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल मंदौला की छात्रा तन्वी यादव ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बारहवीं की परीक्षा में 500 में से 495 अंक लेकर मेरिट हासिल की है। तन्वी की इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। तन्वी ने अंग्रेजी व इतिहास में 100 में से 99-99 अंक,जबकि भूगोल व राजनीति विज्ञान में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल संचालक, प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने छात्रा को सम्मानित किया। छात्रा के दादा मनफूल सिंह, पिता नरेन्द्र सिंह व माता पूनम देवी ने कहा कि उन्हे अपनी बेटी पर गर्व है। उसने मेहनत और अनुशासन से ये मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि तन्वी ने गांव व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल का शानदार रहा परिणाम




रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्रों ने शानदार परीक्षा परिणाम देकर जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की होनहार छात्रा लावण्या ने 89.60 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं छात्र ऋषभ ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने दोनों विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार उत्कृष्ट रहा है, जो शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।

## बारहवीं में स्कूल टॉपर बनी हिमांशी



रेवाड़ी। सैनी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शुक्रवार को स्कूल मैनेजमेंट व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। छात्रा हिमांशी सैनी 90 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर रही। 11 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 22 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन कैलाश सैनी, सैनी महासभा हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम सैनी, सलाहकार समिति के चेयरमैन शशि भूषण सैनी, उपप्रधान राम सिंह सैनी, महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र सैनी, सह सचिव सुंदर लाल सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी तथा कार्यकारिणी और कॉलेजियम सदस्यों ने विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई दी।

## विकास स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



रेवाड़ी। सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विकास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र प्रियांशु ने 95 प्रतिशत, सृष्टि ने 91 प्रतिशत, अनुज ने 90 प्रतिशत, लकी ने 90 प्रतिशत, दिशांत ने 88 प्रतिशत, हर्षित ने 88 प्रतिशत और सौम्या ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के चेयरमैन देवेंद्र यादव ने कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



### श्री कृष्ण स्कूल हांसाका के 55 विद्यार्थियों ने पाई मेरिट

रेवाड़ी। हासांका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 78 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें ध्रुव ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला व हिमांशु ने 483 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आशु ने 477 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के 55 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**शहीद धर्म सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा बेहतरीन**

# गवर्नमेंट स्कूल लुखी में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

- प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। — फोटो : हरिभूमि

शहीद धर्म सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी का कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा। शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उमा यादव ने की एवं संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा व सुनील यादव ने किया। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने

बताया कि कक्षा बारहवी में 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी विद्यार्थी सम्मानजनक स्कोर के साथ सफल रहे। बारहवीं मेंछात्रा योगिता ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, हन्नी ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा एवं दिव्या ने 86.8 प्रतिशत अंक हासिल तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा दसवीं में चांदनी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कोमल ने 89.8 प्रतिशत के साथ दूसरा व वर्षा ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचायाने बताया कि विद्यालय में गत तीन वर्षों से विज्ञान संकाय की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में कला संकाय के साथ विज्ञान संकाय की भी बेहतरीन फैकल्टी है। उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को एक हजार नकद राशि देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति से प्रधान प्रताप सिंह ने विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस मौके पर समाजसेवी अशोक यादव ने कहा कि सभी से अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने की अपील की।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राजपाल यादव, अमित सोलंकी, अंजू बाला, कैलाश चंद, कविता शर्मा, आशा यादव, सन्नी कुमार, प्रेरणा यादव, उमेद सिंह, सरोज यादव, मुकेश कोहारड़, लिपिक संजय शर्मा, इन्फोर्मेशन मैनेजर, सतीश यादव, एबीआरसी अंशु यादव, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह एवं कंवर सिंह मौजूद थे।



### ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल दुल्हेड़ा खुर्द का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

बावल। ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल दुल्हेड़ा खुर्द के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा सानिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं पायल ने 92 प्रतिशत अंक तथा नमन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय की संचालिका शशिबाला यादव एवं प्राचार्या प्रोमिला शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन के कारण विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर रहा है। इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### राजकीय स्कूल बोहतवास अहीर में विद्यार्थी सम्मानित



जाटूसाना। राजकीय उच्च विद्यालय बोहतवास अहीर का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के मुखिया व एसएमसी सदस्यों ने बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों का बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी संदीप कुमार, एसएमसी प्रधान, नरेन्द्र, सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, योगेश, संतोष यादव व अशोक कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।